नैक (NAAC) द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305 इ-मेल: mgahvpro@gmail.com

वेबसाइट : www.hindivishwa.org

## हिंदी विश्वविद्यालय में सतर्कता जागरूकता कार्यक्रम

वर्धा, 08 नवंबर, 2016: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सतर्कता जागरूकता कार्यक्रम की पहली कड़ी के रूप में 'अपेक्षाएँ तथा जवाबदेही'




विषय पर प्राध्यापकों, अधिकारियों तथा कर्मचारियों के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम तथा शोधार्थियों व विद्यार्थियों के लिए



कार्यशाला का आयोजन किया गया। अभिविन्यास कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों तथा अध्यापकों को विश्वविद्यालय के मुख्य सर्तकता अधिकारी प्रो. मनोज कुमार द्वारा सतर्कता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर प्रो. मनोज कुमार ने कहा कि पारदर्शिता और समान व्यवहार किसी भी संस्थान प्रगति के लिए आवश्यक अवयव हैं। उपस्थित प्रतिभागियों ने महसूस किया कि संस्थान की मजबूती, राष्ट्र की मजबूती है जो हम सभी के ईमानदार प्रयास से ही संभव हो सकता है। हम जनता के

प्रति जवाबदेह हैं चूंकि सरकार जनता का प्रतिनिधित्व करती है इसलिए हम उन सभी कार्यक्रमों को अकादमिक सामाजिक




जिम्मेदारी के तहत सौंपे गए दायित्वों का ईमानदारी से निर्वाह करेंगे। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में अधिकारी, अध्यापक, शोधार्थी और विद्यार्थी मौजूद रहे।